# Recommendation of DFO

1. वन मण्डल सिंगरौली के अंतर्गत प्रस्तावित वन भूमि 785.49 हे0 वन परिक्षेत्र वैढ़न के कक्ष क्रमांक RF 389, RF 390 एवं वन परिक्षेत्र पूर्व सरई के कक्ष क्रमांक RF-291, 292, 293, 296, 319, 320, 391, 392 एवं PF-316, PF-317 प्रस्तावित हो रहा है।
2. वन मण्डल सिंगरौली के अंतर्गत प्रस्तावित वन भूमि 785.49 हे0 वन संरक्षण अधिनियम 1980 (2) नियम 2003 के तहत ई0एम0आई0एल0 माईन्स एण्ड मिनिरल रिसोर्सेस लिमिटेड, द्वारा बंधा कोल ब्लॉक को ओपनकास्ट माइनिंग हेतु उपयोग पर दिये जाने का प्रस्ताव है।
3. वन मण्डल सिंगरौली अन्तर्गत प्रस्तावित वन भुमि कक्ष क्रमांक आर.एफ. 291, 292, 293, 391 इस मण्डल के प्रचलित कार्य आयोजना के अनुसार हाथी कोरीडोर मे सम्मिलित है।
4. वन मण्डल अन्तर्गत पिछले 10 वर्षों में हाथियों की आवागमन कक्ष क्रं0 आर.एफ. 291, 292, 293, एवं 391 में नहीं पाया गया।
5. वन मण्डल की कार्य आयोजना में हाथी कॉरीडोर के संबंध में निम्नानुसार प्रावधान किया गया है:–

   (अ) 2.47 (9)–कॉरीडोर में किसी भी प्रकार का कार्य जिससे कॉरीडोर की निरन्तरता में व्यवधान उत्पन्न होता हो जैसे स्थाई भवन निर्माण, डिपो की स्थापना, लेवर कैम्प की स्थापना तथा अन्य स्थाई निर्माण कार्य आदि नही किये जावेंगे।

   (ब) 2.47 (10)–कॉरीडोर में स्थित कक्षों को यथासंभव गैर वानिकी उपयोग हेतु हस्तानांतरित नही किया जाये। यदि ऐसा करना अवष्यंभावी हो तो सर्वप्रथम वैकल्पिक कॉरीडोर की स्थापना की जाये।
6. प्रस्तावित वन भूमि 785.49 हे0 के उत्तर दिशा में बंधा नार्थ कोल ब्लाक आवंटित है, उत्तर–पूर्व दिशा में अमिलिया नार्थ कोल ब्लाक आवंटित है, पूर्व दिशा में अमिलिया कोल ब्लाक आवंटित है, दक्षिण में क्षत्रशाल कोल ब्लाक पूर्व से आवंटित है।
7. राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण को दृष्टिगत रखते हुएं अनुशंसा की जाती है।
8. वन्यप्राणी प्रबंधन प्लान का पालन सुनिश्चित करने की शर्त पर स्वीकृति की अनुशंसा की जाती है।
9. कार्य आयोजना के उक्त प्रावधान एवं अन्य (1–18) का पालन सुनिश्चित करने की शर्त पर स्वीकृति की अनुशंसा की जाती है।

वन मण्डल अधिकारी
वन मण्डल सिंगरौली